कुल प्रश्नों की संख्या : 25]
Total No. of Questions : 25]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[Total No. of Printed Pages : 11

# 2321301

# विषय : हिन्दी
# Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours ]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

***निर्देश :-***

(i) प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 खण्ड 'अ', 'ब', 'स' एवं 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में पाँच-पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। अर्थात् कुल 20 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 1 अंक निर्धारित है। (1×20=20)

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 11 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 20 शब्द में लिखिए। (2×10=20)

(iv) प्रश्न क्रमांक 12 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। (3×6=18)

(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 50 से 100 शब्दों में लिखिए। (4×3=12)

(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में लिखिए। (5×4=20)

(vii) प्रश्न क्रमांक 25 निबन्ध लेखन से सम्बन्धित है। इस पर 10 अंक निर्धारित हैं। निबन्ध लगभग 250 शब्दों में लिखिए। (10×1=10)

(viii) 4 और उससे अधिक अंक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प की व्यवस्था है।

## (खण्ड - अ)

**प्रश्न 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

(i) कविता में तत्त्व की प्रधानता होती है -

(अ) भाव

(ब) कल्पना

(स) विचार

(द) भाषा।

(ii) रामचरित मानस में सबसे अधिक किस छन्द का प्रयोग किया गया है –

(अ) सवैया

(ब) कवित्त

(स) चौपाई

(द) घनाक्षरी।

(iii) खिड़की से लेखक को सबसे पहले क्या दिखाई दिया ?

(अ) सरसों का झाड़

(ब) बाँझ का पेड़

(स) बर्फीली पहाड़ी

(द) काले घोड़े।

(iv) कालिदास ने मेघों को कौन-सा पुष्प भेंट में दिया ?

(अ) कुटज

(ब) नीलकमल

(स) अरविन्द

(द) चम्पक।

(v) 'एड्स' का रोग संक्रमित होता है –

(अ) एड्सग्रस्त रोगी को छूने से

(ब) रोगी को देखने से

(स) एच.आई.वी. संक्रमित खून चढ़ाने से

(द) रोगी के साथ बैठकर खाने से।

## ( खण्ड - ब )

**( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** [1×5=5]

(i) सार का सर्वाधिक महत्त्व ---------- में होता है।

(ii) 'कनक–कनक तें सौ गुनी' में ---------- अलंकार है।

(iii) सम्पादकीय किसी पत्र या पत्रिका का ---------- होता है।

(iv) डॉ. रघुवंश ने ---------- विश्वविद्यालय में प्राध्यापक पद पर कार्य किया।

(v) कहानी में ---------- का होना अनिवार्य है।

## ( खण्ड - स )

**( स ) निम्नलिखित कथनों के सम्बन्ध में सत्य अथवा असत्य लिखिए -** [1×5=5]

(i) कुपुत्र बड़ा होने पर अत्यन्त दु:ख देता है।

(ii) प्रगतिवादी कविता में पूँजीपतियों का पक्ष लिया गया है।

(iii) कृष्ण भक्ति काव्य की भाषा मुख्यत: ब्रजभाषा है।

(iv) किसी भी पत्र का कच्चा रूप तैयार करना प्रारूपण कहलाता है।

(v) भाव पल्लवन में टीका-टिप्पणी और आलोचना होती है।

## ( खण्ड - द )

**( द ) सही जोड़ी मिलाइए -** [1×5=5]

| ( अ ) | ( ब ) |
|---|---|
| (i) शब्द के पीछे लगने वाला शब्द | (क) व्यंग्य |
| (ii) ठूँठ | (ख) ऐतिहासिक उपन्यास |
| (iii) विराटा की पद्मिनी | (ग) राजेन्द्र उपाध्याय |
| (iv) कठपुतली | (घ) सूखा वृक्ष |
| (v) पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ | (ङ) प्रत्यय |

**प्रश्न-2** भरत को माँ के प्रति आक्रोश क्यों था ? [2]

**प्रश्न-3** पत्र कितने प्रकार के होते हैं ? [2]

**प्रश्न-4** अरुणा में कौन से गुण थे, जिनसे प्रिन्सिपाल तथा वार्डन भी उसका रौब मानती थी ? [2]

**प्रश्न-5** अनुराधा के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। [2]

**प्रश्न-6** गद्य की किन्हीं चार विधाओं के नाम लिखिए। [2]

**प्रश्न-7** छायावाद के चार स्तम्भ कवियों के नाम लिखिए। [2]

**प्रश्न-8** **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -** [1+1=2]

(i) उपवन

(ii) नयन

**प्रश्न-9** 'प्रतिवेदन' की दो विशेषताएँ लिखिए। [2]

**प्रश्न-10** 'कुल्हाड़ी-कुदाल' में कौन-सा अलंकार है ? [2]

**प्रश्न-11** रोटी, कपड़ा और मकान के बाद देश की प्राथमिक आवश्यकताएँ क्या हैं ? [2]

**प्रश्न–12** कठपुतली बना हुआ मनुष्य दूसरों को भी कठपुतली क्यों बनाना चाहता है ? [3]

**प्रश्न–13 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए –** [1+1+1=3]

(अ) अँगूठा दिखाना

(ब) अन्धे की लाठी

(स) आँखें खुलना।

**प्रश्न–14** 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के आधार पर शोषक और शोषित के जीवन का अन्तर बताइए। [3]

**प्रश्न–15** बसन्त ऋतु में वृक्षों में क्या–क्या परिवर्तन दिखता है ? [3]

**प्रश्न–16 निम्नलिखित की सन्धि कीजिए –** [1+1+1=3]

(i) नित्य + आनन्द

(ii) सूर्य + उदय

(iii) पीत + अम्बर

**प्रश्न–17 निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए –** [1+1+1=3]

(अ) उनका बहुत भारी सम्मान हुआ।

(ब) मेरे को घर जाना है।

(स) अन्जू को काटकर सेब खिलाओ।

**प्रश्न-18** कविता के कलापक्ष से आप क्या समझते हैं ? यह भावपक्ष से किस प्रकार भिन्न होता है ? लिखिए। [4]

***( अथवा )***

मीरा की भक्ति-भावना पर टिप्पणी लिखिए।

**प्रश्न-19 निम्नलिखित में से किसी एक का भाव पल्लवन कीजिए -** [4]

"करत-करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान"

***( अथवा )***

"पर उपदेश कुशल बहुतेरे"

**प्रश्न-20** पं. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' अथवा महादेवी वर्मा का परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए - [4]

(i) जन्म सन् एवं स्थान [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(ii) दो रचनाओं के नाम [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(iii) भावपक्ष एवं कलापक्ष [1+1=2]

**प्रश्न-21** 'विराटा की पद्मिनी' का कौन-सा वीर पात्र आपको सबसे अधिक प्रभावित करता है और क्यों ? लिखिए। [5]

***( अथवा )***

"'विराटा की पद्मिनी' में ऐतिहासिक हलचल के भीतर एक प्रेमकथा अपनी पूरी मार्मिकता के साथ विद्यमान है।" इस कथन का स्पष्टीकरण कीजिए।

**प्रश्न-22 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर व्याख्या कीजिए -**

(अ) "बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करैं भौंहनु हँसै, दैन कहै नटि जाय।।"

(क) पाठ का नाम एवं कवि का नाम [1+1=2]

(ख) पद्यांश की व्याख्या [3]

***(अथवा)***

(ब) "कैसी करौं, कहाँ जाऊँ, कासे कहूँ, कौन सुनै,
कोऊ तो निकासो, जासै दरद बढ़ै नहीं।
एरी मेरी बीर! जैसे-तैसे इन आँखिन तैं।
कढ़िगो अबीर, पै अहीर तो कढ़ै नहीं।।"

(क) पाठ का नाम एवं कवि का नाम [1+1=2]

(ख) पद्यांश की व्याख्या [3]

**प्रश्न-23 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग ( संदर्भ, प्रसंग सहित ) व्याख्या कीजिए -** [1+1+3=5]

(अ) ''क्रोध सब मनोविकारों से फुर्तीला है, इसी से अवसर पड़ने पर यह और मनोविकारों का भी साथ देकर उसकी तुष्टि का साधक होता है। कभी वह दया के साथ कूदता है, कभी घृणा के।''

***( अथवा )***

(ब) ''सूर्य का गोला पानी की सतह से छू गया। पानी पर दूर तक सोना ही सोना घुल आया। पर वह रंग इतनी जल्दी-जल्दी बदल रहा था कि किसी एक क्षण के लिए उसे एक नाम दे सकना असम्भव था। सूर्य का गोला जैसे एक बेबसी में पानी के लावे में डूबता जा रहा था। धीरे-धीरे वह पूरा डूब गया और कुछ क्षण पहले जहाँ सोना बह रहा था, वहाँ अब लहू बहता नजर आ रहा था।''

**प्रश्न-24** परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यन्त्र (लाउडस्पीकर) पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु जिलाधीश को एक आवेदन पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

***( अथवा )***

वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए।

**प्रश्न-25 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए -**

[2+5+3=10]

(i) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(ii) पर्यावरण और प्रदूषण

(iii) जीवन में खेलों का महत्त्व

(iv) मोबाइल क्रान्ति

(v) बेरोजगारी की समस्या।

●●●